दिल्ली में पीएम सूर्य घर योजना का पंजीकरण शुरू

सीएम रेखा गुप्ता ने किया लॉन्च, 2.30 लाख घरों को लाभ देने का लक्ष्य

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसके लिए दिल्ली पीएम सूर्य घर पोर्टल लॉन्च किया। योजना के तहत ऐसे घरेलू बिजली उपभोक्ता, जिनकी औसत मासिक खपत 400 यूनिट तक है, 3 किलोवाट तक की क्षमता का सोलर सिस्टम बिना अग्रिम भुगतान के लगवा सकेंगे।

पंजीकरण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। सरकार ने मार्च 2027 तक करीब 2.30 लाख घरों को योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा है। योजना में 3 किलोवाट तक के सिस्टम के लिए केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम 78,000 रुपये की सब्सिडी और दिल्ली सरकार की ओर से इतनी ही राशि की सहायता का प्रावधान है। इसके अलावा संशोधित दिल्ली सौर नीति के तहत सरकार कुल लागत और उपलब्ध सब्सिडी के बीच के अंतर को भी पूरा करेगी, ताकि पात्र उपभोक्ताओं पर स्थापना के समय अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े। सिस्टम लगाने और शुरुआती अवधि में उसके रखरखाव की जिम्मेदारी अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से निभाई जाएगी।

दिल्ली सरकार के अनुसार, चयनित विक्रेता पहले पांच साल तक सोलर सिस्टम के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके बाद भी डिस्कॉम के माध्यम से रखरखाव की व्यवस्था जारी रखने की योजना है। सोलर सिस्टम से बनी अतिरिक्त बिजली को लागू नियमों के तहत नेट मीटरिंग के जरिए ग्रिड में भेजने की सुविधा भी मिलेगी। सरकार का कहना है कि इससे घरों की बिजली जरूरत का एक हिस्सा स्थानीय स्तर पर पूरा होने के साथ बिजली बिल में बचत की संभावना बढ़ेगी। दिल्ली के नए पोर्टल पर उपभोक्ता अपने सीए नंबर और संबंधित जानकारी दर्ज कर आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर अधिकृत विक्रेताओं, सब्सिडी और शिकायत निवारण से जुड़ी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है। आधिकारिक पोर्टल के अनुसार, ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों और आरडब्ल्यूए के साझा क्षेत्रों में सौर संयंत्रों के लिए भी केंद्रीय सब्सिडी का प्रावधान है।

त्योहारों के मद्देनजर अहमदगढ़ पुलिस ने कारोबारियों के लिए जारी किए सुरक्षा निर्देश

डॉ. कुलदीप सिंह भुल्लर | अहमदगढ़
समर न्यूज

आगामी त्योहारों के सीजन के दौरान लूटपाट और चोरी जैसी वारदातों को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से अहमदगढ़ पुलिस ने बुधवार को स्थानीय ज्वैलर्स एसोसिएशन के साथ बैठक की।

यह बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मलेरकोटला, श्री हरकमलप्रीत सिंह खख के निर्देशों पर और डीएसपी उप-मंडल अहमदगढ़, इंदरपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें अहमदगढ़ शहर और आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में ज्वैलर्स ने भाग लिया। कारोबारियों को संबोधित करते हुए डीएसपी चौहान ने सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि त्योहारों के दौरान दुकानों पर बढ़ने वाली भीड़ का फायदा असामाजिक तत्व उठा सकते हैं। क्षेत्र में चाक-चौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग ने सर्राफा कारोबारियों के लिए कई सख्त निर्देश जारी किए हैं। सभी ज्वैलरी दुकानों के अंदर और बाहर उच्च गुणवत्ता (एचडी) वाले सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है, जो 24 घंटे चालू रहने चाहिए और उनकी रिकॉर्डिंग का सुरक्षित बैकअप रखा जाना चाहिए।

दुकानों पर सुरक्षा गार्ड तैनात करने, सुरक्षा अलार्म सिस्टम चालू रखने और हर लेनदेन का पक्का बिल काटने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने साफ किया कि बिना पहचान पत्र के सोना-चांदी न खरीदा जाए। ज्वैलर्स को एक रजिस्टर में सामान खरीदने या बेचने वाले व्यक्ति का पूरा नाम, पता, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड की कॉपी और फोटो का रिकॉर्ड बनाए रखना होगा। डीएसपी चौहान ने चेतावनी दी कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने या लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसे में घायल रिटायर्ड डिप्टी सेक्रेटरी की 20 दिन बाद मौत, केस

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज

सेक्टर-80 निवासी और पंजाब सचिवालय से वर्ष 2025 में डिप्टी सेक्रेटरी पद से सेवानिवृत्त हरणेक सिंह (59) की सड़क हादसे में घायल होने के करीब 20 दिन बाद मौत हो गई। हादसा 31 अगस्त को गांव दैड़ी स्थित भूरे की रसोई के पास हुआ था। वह एक्टिवा पर सवार होकर ग्रैंड रोमानिया गांव दैड़ी में अपने दोस्त की रिटायरमेंट पार्टी में जा रहे थे।

पुलिस ने अब उनके बेटे मनप्रीत सिंह के बयान पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में मनप्रीत सिंह ने बताया कि 31 अगस्त की शाम करीब सात बजे उन्हें सूचना मिली थी कि उनके पिता का गांव दैड़ी में हादसा हो गया है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि हरणेक सिंह अपनी एक्टिवा पर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई एक कार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में हरणेक सिंह सड़क पर गिर गए और उनके सिर से खून निकल रहा था। एक्टिवा को भी काफी नुकसान पहुंचा था। मनप्रीत के अनुसार, वह अपने पिता को कार से सोहाना अस्पताल लेकर गए, जहां एक्सरे और सीटी स्कैन किए गए। हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें जीएमसीएच-32, चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद पुलिस ने अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर परिजनों से संपर्क किया था। उस समय हरणेक सिंह बोलने की स्थिति में नहीं थे, इसलिए परिवार ने उनकी हालत में सुधार होने पर पुलिस को जानकारी देने की बात कही थी।

▪ **राजीनामे की बातचीत के चलते कार का नंबर नहीं बताया:** *मनप्रीत ने पुलिस को बताया कि हादसा करने वाली कार का नंबर उन्हें पता था। कार चालक की पहचान संबंधी जानकारी उनके पिता के कार्यालय में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अमृत सिंह ने दी थी। परिवार की कार चालक पक्ष से आपसी राजीनामे की बातचीत चल रही थी, इसलिए उस समय पुलिस को कार का नंबर नहीं बताया गया। 20 सितंबर को इलाज के दौरान हरणेक सिंह की मौत हो गई। इसके बाद 21 सितंबर को मनप्रीत सिंह परिवार के सदस्यों के साथ पुलिस के पास पहुंचे और कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार हादसे में शामिल कार मारुति आल्टो, सफेद रंग की है।*

श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व को समर्पित ड्रोन शो आज नवांशहर में

जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज

श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित वर्षभर चलने वाले आयोजनों की श्रृंखला के तहत शहीद भगत सिंह नगर जिले में विशेष ड्रोन शो आयोजित किए जा रहे हैं। जिले का पहला ड्रोन शो आज सरकारी आईटीआई कॉलेज, नवांशहर के ग्राउंड में होगा। डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलख ने कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रबंध समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि ड्रोन शो के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं को आधुनिक तकनीक के जरिए प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। संगत के बैठने के लिए भी उचित व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे रागी जत्थे द्वारा गुरबाणी और कीर्तन से होगी। इसके बाद शाम 7:45 बजे ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर के अनुसार, पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित राज्यभर में कुल 92 ड्रोन शो आयोजित किए जा रहे हैं।

हिंदू शक्ति मोर्चा व इंसानियत एक धर्म संस्था के प्रधान रोहित साहनी की माता जी का निधन

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

हिंदू नेता एवं हिन्दू शक्ति मोर्चा व इंसानियत एक धर्म संस्था के प्रधान रोहित साहनी के पूजनीय माता अनु साहनी जी का मंगलवार को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार सिविल लाइन स्थित श्मशानघाट में किया गया। पार्थिव शरीर को मुखाग्नि उनके सुपुत्र रोहित साहनी ने दी। अंतिम संस्कार से पूर्व सगे-संबंधियों एवं रिश्तेदारों के अलावा महानगर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर स्व. अनु साहनी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार में सनातन धर्मगुरु पंडित अजय वशिष्ठ, विधायक मदन लाल बग्गा, विधायक अशोक पराशर पप्पी, समर न्यूज हर्षदीप समर पार्षद नीरज आहूजा बूटा, पार्षद प्रदीप शर्मा गैबी, पार्षद पुष्पिन्द्र भनोट बिट्टू, पार्षद अरुण शर्मा, पार्षद रोहित सिक्का, पार्षद पति विपन विनायक, पार्षद पति तजिन्द्र राजा, बलजिन्द्र सिंह संधू, पूर्व पार्षद साबी तूर, पूर्व पार्षद अनिल पारती, भाजपा नेता महेश दत्त शर्मा, ब्राह्मण वैलफेयर बोर्ड के चेयरमैन पंकज शारदा, शिवसेना हिंद के निशांत शर्मा आदि उपस्थित थे।

बीएलएम गर्ल्स कॉलेज में टैली एजुकेशन पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन

अकाउंटिंग, जीएसटी, टैक्सेशन और फाइनेंस में करियर अवसरों की दी जानकारी

जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज

बीएलएम गर्ल्स कॉलेज, नवांशहर के कॉमर्स विभाग की ओर से बीकॉम की छात्राओं के लिए टैली एजुकेशन से संबंधित करियर मार्गदर्शन एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक लेखांकन और व्यावसायिक क्षेत्र में टैली के महत्व और इससे जुड़े रोजगार अवसरों के बारे में जानकारी देना था।

इस अवसर पर टैली एजुकेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ के रीजनल मैनेजर विजय कुमार ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा अकाउंटिंग और बिजनेस वातावरण में टैली का व्यावहारिक ज्ञान कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी है। विजय कुमार ने छात्राओं को अपने प्रैक्टिकल अकाउंटिंग कौशल को मजबूत करने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए टैली कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अकाउंटिंग, जीएसटी, टैक्सेशन और फाइनेंस से जुड़े विभिन्न करियर विकल्पों की भी जानकारी दी। सत्र के दौरान कॉलेज परिसर में टैली एजुकेशन के सहयोग से सर्टिफिकेशन कोर्स और नियमित कक्षाएं शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा गया, ताकि छात्राओं को किफायती शुल्क पर प्रशिक्षण की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञ के साथ संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कॉलेज की प्रिंसिपल तरनप्रीत कौर वालिया तथा कॉमर्स विभाग की प्रो. परम प्रिया और प्रो. रमन ने विजय कुमार का मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया।

निहंग बाणा पहन दुकान में चोरी, 35 हजार उड़ाने के आरोप में पकड़ा

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

निहंग बाणे की आड़ लेकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ निहंग जत्थेबंदियों ने सख्त रुख अपना लिया है। राम नगर इलाके में निहंग बाणा पहनकर एक दुकान से करीब 35 हजार रुपये की नकदी चोरी करने के आरोप में एक युवक को बाबा कुलदीप सिंह व उनके साथियों ने पकड़ लिया। आरोपी की करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। चोरी की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले को लेकर निहंग जत्थेबंदियों में रोष फैल गया। जानकारी के अनुसार, राम नगर स्थित दुकान में कुछ दिन पहले चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर निहंग बाणा पहने एक युवक दुकान के गल्ले से नकदी निकालता दिखाई दिया।

विद्यार्थियों को मिलेगा प्रोत्साहन, गुनजीत रुचि बावा ने बांटे 1700 राइटिंग बोर्ड

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

परीक्षाओं में शामिल हो रहे विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से आस एहसास एनजीओ की ओर से 1700 विद्यार्थियों को राइटिंग बोर्ड वितरित किए गए।

यह पहल पंजाब राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वाइस चेयरपर्सन सुश्री गुनजीत रुचि बावा की देखरेख में सरकारी प्राइमरी स्कूल डाबा और सरकारी प्राइमरी स्कूल धंडारी कलां में आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा के समय प्रोत्साहित करते हुए उन्हें उपयोगी अध्ययन सामग्री प्रदान की गई। राइटिंग बोर्ड मिलने पर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह संदेश देना था कि उनकी मेहनत, लगन और सपनों को महत्व दिया जाता है। राइटिंग बोर्ड के पीछे बच्चों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 भी अंकित किया गया है, ताकि बच्चे अपने अधिकारों और जरूरत के समय उपलब्ध सहायता के बारे में जागरूक हो सकें।

इस अवसर पर सरकारी प्राइमरी स्कूल डाबा की हेडमिस्ट्रेस हरमन तथा सरकारी प्राइमरी स्कूल धंडारी कलां की हेडमिस्ट्रेस स्वर्णजीत कौर भी मौजूद रहीं।

घर के ताले तोड़कर नकदी गहने चोरी, सीसीटीवी में कैद

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज

डेराबस्सी के नजदीकी गांव खेड़ी में बंद मकान को निशाना बनाकर दो अज्ञात चोर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। चोरों ने मकान के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

चोरी की यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मकान मालिक दयानंद चौधरी ने बताया कि वह बीते दिन दोपहर करीब 2 बजे परिवार सहित घर को ताला लगाकर खरीदारी के लिए डेराबस्सी गए थे। करीब 2:30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति घर पहुंचे और ताले तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद उन्होंने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर कोहाड़ा में गूंजे बाबा श्याम जी के जयकारे

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

चंडीगढ़ रोड कोहाडा चौक के पास नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन ट्रस्टी प्रदीप मित्तल,संदीप अग्रवाल, एलआर मित्तल व अनिल मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। संकीर्तन में संजीव अरोड़ा एंड पार्टी द्वारा श्याम बाबा का गुणगान किया गया। सर्वप्रथम आचार्य दीपक पाण्डेय, पंडित तारानाथ, एवं पंडित करण शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ श्याम बाबा का पूजन किया गया।मुख्य यजमान ट्रस्ट के सभी सदस्यों द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया।संकीर्तन में बाबा का अलौकिक श्रृंगार काजल एवं विकल कौड़ा परिवार द्वारा किया गया। संकीर्तन में गायक संजीव अरोड़ा द्वारा गाए "श्याम तेरे दर पे जो आए खाली हाथ न जाए तेरी माया सबको भाए सुख के दीप जलाए" आदि भजनों की मस्ती में भक्तजन मस्ती में झूमने लगे और पूरा माहौल खाटूमय प्रतीत होने लगा।

भाजपा को लगा बड़ा झटका, अमरजीत सिंह काली साथियों समेत कांग्रेस में हुए शामिल

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

भाजपा को छोड़कर अमरजीत सिंह काली ने अपने साथियों लखविंदर सिंह, दिपांशु, साहिल कुमार, बूटा सिंह, राजन कुमार, जतिंदर कुमार, गुरजंट सिंह, विपिन कुमार, गुरप्रीत सिंह सहित अन्य साथियों के साथ कांग्रेस का हाथ थाम लिया। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी), लुधियाना के अध्यक्ष संजय तलवाड़ की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इस मौके पर तलवाड़ ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

सेवा संकल्प अभियान में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता

मुकुल शर्मा। पंचकूला
मुकुल शर्मा

सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-26, पंचकूला में सोमवार को जिला स्तरीय चित्रकला एवं चित्र प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में पंचकूला जिले के बरवाला, रायपुररानी, मोरनी, बालदवाला सहित विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के 176 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर चित्रकला के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुत चित्रों ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और शिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया।

मुख्य अतिथि ज्ञान चंद गुप्ता ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर मिलना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करते हुए समाज और देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

गुप्ता ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, खाद्यान्न व्यवस्था तथा रेलवे और कनेक्टिविटी से संबंधित परियोजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की।

जरूरतमंद बेटियों का विवाह करवाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : कपूर

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

डॉ. बीआर अंबेडकर बौद्ध ट्रस्ट, साहनेवाल द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में राकेश कपूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में 7 जरूरतमंद बेटियों का विवाह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर राकेश कपूर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियों के विवाह में सहयोग करना केवल सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा, "जब किसी जरूरतमंद बेटी के सिर पर समाज का आशीर्वाद और सहयोग का हाथ होता है, तो उसके परिवार का आत्मविश्वास बढ़ता है। सामूहिक विवाह समाज की एकजुटता, भाईचारे और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण है।"

राकेश कपूर ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर बौद्ध ट्रस्ट के पदाधिकारियों तथा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी समाजसेवियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखी एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियों का सम्मान और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना ही एक संवेदनशील और जिम्मेदार समाज की पहचान है।

डोर-टू-डोर पहुंचे विधायक बग्गा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने पंजाब सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाने के लिए वार्ड नंबर 94 के बूथ नंबर 1 और 2 में डोर-टू-डोर संपर्क किया। इस दौरान पार्षद अमन बग्गा भी मौजूद रहे।

विधायक बग्गा ने घर-घर जाकर लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से 10 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, महिलाओं को आर्थिक सहायता, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, स्मार्ट स्कूल और खेल मैदान जैसी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। बग्गा ने कहा कि डोर-टू-डोर अभियान के दौरान लोगों से मिल रहे फीडबैक में सरकार की योजनाओं को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आ रही है। उनके अनुसार, कई परिवारों ने कहा कि मान सरकार के कार्यकाल में उन्हें सीधे तौर पर आर्थिक राहत और सरकारी सुविधाओं का लाभ मिला है।

विधायक ने दावा किया कि लोगों ने बातचीत के दौरान 2027 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को दोबारा समर्थन देने की बात कही। कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की लंबी उम्र के लिए दुआ भी की।

पराली प्रबंधन पर किसान जागरूकता कैंप

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, फिल्लौर, जिला जालंधर की ओर से गांव मुठड्डा खुर्द में ब्लॉक स्तरीय किसान जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप में किसानों को धान की पराली को आग न लगाने, आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से इसके उचित प्रबंधन तथा मिट्टी की सेहत बनाए रखने की जानकारी दी गई।

करीब 150 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और किसानों की किसान आईडी भी बनाई गई। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. रणधीर सिंह ने धान की पराली को आग न लगाने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न कृषि मशीनरी और तकनीकों के माध्यम से पराली को खेत में ही संभालने से पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता और जैविक गुणवत्ता को भी बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने किसानों से विभाग की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। कृषि अधिकारी डॉ. जसबीर सिंह ने किसानों को खादों के संतुलित एवं उचित इस्तेमाल के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि मिट्टी की जरूरत के अनुसार ही खादों का प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे खेती की लागत कम करने के साथ मिट्टी की सेहत को भी बरकरार रखा जा सके। केवीके नूरमहल की डॉ. बलवीर कौर ने किसानों को सब्जियों की खेती संबंधी जानकारी देते हुए विभिन्न फसलों की चयन प्रक्रिया, बुवाई, रखरखाव और आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में बताया।

अवैध पिस्तौल, कारतूस और 200 नशीली गोलियों समेत चार काबू

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

जालंधर ग्रामीण पुलिस के थाना फिल्लौर की पुलिस ने नशे और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चार कथित आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से एक 32 बोर का पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और 200 नशीली गोलियां बरामद की गई हैं।

जालंधर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह विर्क, पीपीएस के दिशा-निर्देशों तथा पुलिस कप्तान (जांच) विनीत अहलावत, आईपीएस और डीएसपी फिल्लौर भारत मसीह लखबड़, पीपीएस की निगरानी में यह कार्रवाई की गई। थाना फिल्लौर के प्रभारी इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह भुल्लर की अगुवाई में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान पारस पुत्र मनी लाल, निवासी मोहल्ला ऋषि नगर, फिल्लौर, किशन उर्फ गूगी पुत्र कृष्ण कुमार, धर्मागम सिंह उर्फ जूनी पुत्र संदीप सिंह तथा संदीप सिंह पुत्र करन सिंह, सभी फिल्लौर क्षेत्र के निवासी, के रूप में बताई गई है। पुलिस ने बरामदगी को मामले की जांच का हिस्सा बताते हुए आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड हासिल कर उनसे बरामद हथियार व नशीली गोलियों के संबंध में पूछताछ की जाएगी। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि हथियार और नशीली गोलियां उन्हें कहां से मिलीं।